आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 02.11.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में **विज्ञान और प्रौद्योगिकी नवाचार सम्मेलन–ई. एस. टी. आई. सी–2025** का उद्घाटन करेंगें इस अवसर पर, प्रधानमंत्री देश में अनुसंधान और विकास–आरएंडडी इको सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए 1 लाख करोड़ रुपये के **अनुसंधान, विकास और नवाचार योजना कोष** का भी शुभारंभ करेंगें तीन दिन के इस सम्मेलन में शिक्षा और उद्योग जगत से 3 हजार से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगें

..........................................................................

जयपुर के एक निजी स्कूल में चौथी कक्षा की छात्रा की मृत्यु के मामले में शिक्षा विभाग की ओर से जांच के लिए पांच सदस्यीय एक समिति का गठन किया गया हैं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने आज मृतका के परिजनों से मुलाकात कीं उन्होंने बताया कि ये समिति घटना की विस्तृत जांच करेगीं गौरतलब है कि कल शहर के एक नामी स्कूल की चौथी मंजिल से गिरकर 9 वर्षीय छात्रा की मौत हो गई थीं

..........................................................................

बीकानेर संभाग में गंग नहर समारोह आयोजित किया जायेगां केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक समीक्षा बैठक में ये जानकारी देते हुए बताया कि ये समारोह इस साल 5 दिसम्बर से अगले साल 26 अक्टूबर तक चलेगां इस दौरान बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ और श्रीगंगानगर जिलों में कई कार्यक्रम होंगें श्री मेघवाल ने बताया कि पांच दिसम्बर 1925 को बीकानेर के तत्कालीन महाराजा गंगासिंह ने पंजाब के फिरोजपुर में गंगनहर का शिलान्यास किया थां 26 अक्टूबर 1927 में इसका निर्माण पूरा हुआ थां उन्होंने बताया कि गंग नहर ने राजस्थान को हरित पट्टी और अन्न भण्डार के रूप में नई पहचान दी हैं

..........................................................................

आकाशवाणी संगीत सम्मेलन 2025 की आज से शुरूआत हो रही हैं उद्घाटन दिवस पर आज दिल्ली, मुम्बई और चैन्नई में संगीत प्रस्तुतियां होंगीं 29 नवम्बर तक चलने वाले इस सम्मेलन में देशभर के 24 केन्द्रों पर कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगें संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से होने वाले इस वार्षिक संगीत समारोह में उदयपुर में 8 नवम्बर और जयपुर में 21 नवम्बर को कार्यक्रम रखा गया हैं

..........................................................................

कोटा में सेना भर्ती रैली आयोजित की जा रही हैं ये रैली 4 नवम्बर तक होगीं उम्मेद स्टेडियम में हो रही इस रैली में कल कोटा, राजसमंद, सवाईमाधोपुर, ब्यावर करौली और टोंक के अभ्यर्थियों ने अपना दमखम दिखायां भर्ती में अगले चरण के लिए अब तक 1200 से अधिक प्रतिभागियों का अग्निवीरों के लिए चयन किया गया हैं रैली में आज भीलवाडा और झालावाड के अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं

..........................................................................

प्रदेश में देवउठनी एकादशी के मौके पर श्रद्धा और भक्ति का माहौल हैं इस अवसर पर मंदिरों में जागरण सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन किये गयें वहीं तुलसी और सालिगराम पूजन भी किया जा रहा हैं मांगलिक कार्यो की भी फिर से शुरूआत हो गई हैं अनेक स्थानो पर सामूहिक विवाह सम्मेलन भी आयोजित किये जा रहे हैं करौली जिले में भी धार्मिक कार्यक्रमों का उल्लास हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि अंजनी माता के मेले में शामिल होने के लिए लिए बडी संख्या में श्रद्धालु जुटे हैं वहीं देवप्रबोधिनी एकादशी पर डूंगरपुर स्थापना दिवस के मौके पर गेप सागर की पाल पर दीप दान और आतिशबाजी होगीं उधर तीर्थराज पुष्कर में आज से पंचतीर्थ स्नान की शुरूआत हुईं पुष्कर सरोवर के विभिन्न घाटों में सुबह से ही बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान कियां

..........................................................................

प्रदेश में बीते 24 घंटों में बारिश का दौर लगभग थमा रहां अधिकतर हिस्सों में मौसम साफ रहां नागौर और सीकर के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान साढे 12 डिग्री सैल्सियस के आस–पास रिकॉर्ड हुआं अधिकतर स्थानों पर न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सैल्सियस से नीचे रहां वहीं धूप निकलने से दिन के तापमान में 7 डिग्री तक की बढोतरी देखी गईं हालांकि मौसम का मिजाज कल से एक बार फिर बदलने के आसार हैं एक नये पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कई स्थानों पर अगले दो दिन बारिश की संभावना हैं मौसम

विभाग ने 17 जिलों में बरसात का येलो अलर्ट जारी किया हैं विभाग के अनुसार इस बार नवम्बर महीना सामान्य से अधिक ठण्डा रहने के आसार हैं

..............................................................................

आईसीसी महिला वन डे क्रिकेट वर्ल्ड कप का खिताबी मुकाबला आज भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होगां नवीमुम्बई के डीवाईपाटिल स्टेडियम में दोपहर तीन बजे से होने वाले इस मैच में भारतीय टीम चैम्पियनशिप जीतने के इरादे से उतरेगीं

..............................................................................